http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

MP BOARD CLASS 9 EXAM 2013

सामाजिक विज्ञान : कक्षा IX

समय : 3 घण्टा] [पूर्णांक : 100

निर्देश– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।
(iii) आबंटित अंक प्रश्न के सम्मुख अंकित हैं।

प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 1 × 5 = 5

(अ) ज्वारीय वन में ………………… वृक्ष पाया जाता है।
(ब) सूचना का अधिकार देश के प्रत्येक ………………… को प्राप्त है।
(स) हमें संविधान द्वारा ………………… मौलिक अधिकार प्राप्त हैं।
(द) रामायण और महाभारत भारतवर्ष के दो ………………… हैं।
(इ) क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में ………………… स्थान है।

उत्तर–(अ) सुन्दरी, (ब) नागरिक, (स) 6, (द) महाकाव्य, (इ) सातवाँ।

प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर लिखिए– 1 × 5 = 5

(1) खरीफ की फसल है–
(अ) गेहूँ, (ब) चना,
(स) धान, (द) जौ।

(2) गोदावरी नदी को भारत के किस क्षेत्र की गंगा कहते हैं ?
(अ) पूर्व, (ब) पश्चिम,
(स) उत्तर, (द) दक्षिण।

(3) 1985 में ओजोन छिद्र सर्वप्रथम किस क्षेत्र में देखा गया ?
(अ) आस्ट्रेलिया, (ब) अन्टार्कटिका,
(स) पश्चिमी यूरोप, (द) अलास्का।

(4) अरब सागर में गिरने वाली नदी है–http://www.a2zSubjects.com
(अ) गंगा, (ब) नर्मदा,
(स) महानदी, (द) ब्रह्मपुत्र।

(5) अफजल खाँ का वध किसने किया ?
(अ) शिवाजी, (ब) राजाराम,
(स) साहू, (द) ताराबाई।

उत्तर–(1) (स), (2) (द), (3) (ब), (4) (ब), (5) (अ)।

प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइए– 1 × 5 = 5

(अ) केन्द्र शासित प्रदेश (i) अरुणाचल प्रदेश
(ब) निम्न जनसंख्या घनत्व (ii) पाण्डिचेरी

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

(स) उच्च साक्षरता (iii) रियो डि जेनिरो

(द) तेज चलने वाली पवन (iv) केरल

(इ) शोरयुक्त शहर (v) जेट स्ट्रीम

उत्तर–(अ) → (ii), (ब) → (i), (स) → (iv), (द) → (v), (इ) → (iii)।

प्रश्न 4. एक वाक्य/शब्द में उत्तर दीजिए– 1 × 5 = 5

(अ) कौन-सी अवधारणा प्रजातन्त्र की है ?

(ब) प्रशासनिक आधार पर वनों को कितनी श्रेणियों में रखा गया है ?

(स) भारतीय सिंहों का प्राकृतिक आवास आरक्षित क्षेत्र।

(द) ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु किस उद्योग का अत्यधिक महत्त्व है ?

(इ) नागरिकों का प्रतिनिधि चुनने का अधिकार क्या कहलाता है ?

उत्तर–(अ) स्वतन्त्रता, (ब) तीन, (स) गुजरात गिर क्षेत्र, (द) कुटीर एवं लघु उद्योग, (इ) मताधिकार।

प्रश्न 5. सत्य/असत्य बताइए– 1 × 5 = 5

(अ) बहुमत प्राप्त न करने वाले दल विपक्षी दल कहलाते हैं।

(ब) जो वनस्पति मूल रूप से भारतीय नहीं है, उसे देशज वनस्पति कहते हैं।

(स) देश की अर्थव्यवस्था में नदियों का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

(द) चाणक्य का सम्बन्ध अर्थशास्त्र से है।

(इ) चिल्का झील बिहार में स्थित है।

उत्तर–(अ) सत्य, (ब) असत्य, (स) सत्य, (द) सत्य, (इ) असत्य।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 6. भारतवासियों के लिए हिमालय का क्या महत्त्व है ? समझाइए। 4

अथवा

हिमालय पर्वतमाला के दो प्रमुख शिखरों के नाम लिखिए।

प्रश्न 7. राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग से आप क्या समझते हैं ? 4

अथवा

भारत में लिंगानुपात की दर निरन्तर क्यों कम होती जा रही है ? कारण लिखिए।

प्रश्न 8. मध्यकालीन चित्रकला की विशेषताएँ बताइए। 4

अथवा

मथुरा व गान्धार कला में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 9. अकबर की राजपूत नीति का वर्णन कीजिए। 4

अथवा

अलाउद्दीन खिलजी की बाजार व्यवस्था क्या थी ?

प्रश्न 10. जनसंख्या का गाँव से शहरों की ओर पलायन क्यों होने लगा ? समझाइए। 4

अथवा

अंग्रेजों के आगमन के पश्चात् कृषि भूमि का हस्तान्तरण क्यों होने लगा ?

प्रश्न 11. भारत में कृषि आधारित उद्योग कौन-कौन से हैं ? 4

अथवा

"सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग भारत का सबसे तेज बढ़ता हुआ उद्योग है।" समझाइए।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

प्रश्न 12. जनसंख्या वृद्धि किस प्रकार गरीबी को बढ़ाती है ? समझाइए। 4

अथवा

गरीबी के लिए उत्तरदायी सामाजिक कारण लिखिए।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 13. भारत के दिए गए सीमाकार मानचित्र में निम्न को दर्शाइए— 5

(अ) लक्षद्वीप, (ब) मुम्बई,
(स) अरावली श्रेणी, (द) कावेरी नदी,
(इ) मालवा का पठार।

अथवा

निम्नलिखित को रूढ़ चित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए—

(अ) मन्दिर, (ब) बड़ी रेलवे लाइन,
(स) मस्जिद, (द) बड़ी नदी,
(इ) पेड़।

प्रश्न 14. गुप्तकालीन मन्दिरों की विशेषताएँ लिखिए। 5

अथवा

मुगलकालीन स्थापत्यकला का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 15. पृथ्वीराज चौहान का भारतीय इतिहास में क्या योगदान रहा है ? लिखिए। 5

अथवा

मुगल साम्राज्य के पतन के कारण लिखिए।

प्रश्न 16. राजनैतिक दलों की संख्या के आधार पर राजनैतिक दलों के प्रकार लिखिए। 5

अथवा

विपक्षी दल की भूमिका का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 17. प्रजातन्त्र का अर्थ समझाते हुए कोई दो परिभाषा लिखिए। 5

अथवा

वर्तमान भारतीय प्रजातन्त्र के स्वरूप का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 18. संविधान में वर्णित मौलिक कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

स्वतन्त्रता के अधिकारों के अन्तर्गत नागरिकों को कौन-सी स्वतन्त्रताएँ प्राप्त हुई हैं ? वर्णन कीजिए।

प्रश्न 19. खाद्य सुरक्षा के आन्तरिक कारणों का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

सरकार किस प्रकार से गरीबों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करती है ? समझाइए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 20. प्रदूषण से क्या आशय है ? प्रदूषण के प्रकारों का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

चिपको आन्दोलन से क्या आशय है ? वर्णन कीजिए।

प्रश्न 21. अशोक के धम्म को समझाते हुए उसके धर्म की विशेषताएँ बताइए। 6

अथवा

"गुप्तकाल भारतीय इतिहास का स्वर्णयुग कहलाता है।" कथन की पुष्टि कीजिए।

http://www.a2zSubjects.com